प्रादेशिक समाचार
16.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

विधानसभा के बजट सत्र में आज सार्वजनिक सेवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का मुद्दा गूंजा। विधायक सरयू राय ने सरकार से पूछा कि राज्य में सरकारी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल को लेकर क्या पहल की जा रही है।
जवाब में मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि सरकार सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए एआई के उपयोग की योजना बना रही है और इस पर जल्द ही रूपरेखा स्पष्ट होगी।

****

राज्य में आज कई नगर निकायों में नई सरकारों का गठन हुआ। चतरा नगर परिषद में चुनावी सरगर्मी के बीच प्रेमचंद साव नए उपाध्यक्ष चुने गए हैं। उन्होंने वेदवती जायसवाल को 13–9 के अंतर से हराया। इससे पूर्व, अध्यक्ष अताउर रहमान और 22 पार्षदों ने पद की शपथ ली। उधर गिरिडीह में नवनिर्वाचित महापौर प्रमिला मेहरा और 36 पार्षदों को आयुक्त मनोज कुमार ने शपथ दिलाई। यहाँ सुमित कुमार निर्विरोध उप–महापौर चुने गए हैं। वहीं, आदित्यपुर नगर निगम के नए महापौर संजय सरदार और 35 पार्षदों ने भी आज पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इसके साथ ही अब उप–महापौर चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

****

रांची की एमपी–एमएलए विशेष अदालत में आज पूर्व मंत्री बंधु तिर्की समेत सात आरोपियों के बयान दर्ज किए गए। यह मामला साल 2017 में भारत स्काउट एंड गाइड्स चुनाव के दौरान हुई मारपीट से जुड़ा है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उन पर रॉड से हमला किया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। अदालत में धारा 313 के तहत बयान दर्ज होने के बाद, अब इस मामले में अंतिम बहस शुरू होगी।

****

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री और कांग्रेस नेता इरफान अंसारी ने दावा किया है कि असम में आगामी विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार बनेगी। असम चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चाकी भागीदारी और गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर उन्होंने कहा कि इस पर अंतिम फैसला पार्टी आलाकमान ही लेगा।

****

इधर, भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने असम और बंगाल समेत पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत का बड़ा दावा किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता प्रधानमंत्री मोदी के विकास कार्यों पर मुहर लगाएगी और इन सभी राज्यों में पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार बनेगी।

****

दुमका–रामपुरहाट मुख्य मार्ग पर आज एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। शिकारीपाड़ा के पास एक अनियंत्रित हाइवा ने बाइक को सीधी टक्कर मार दी, जिससे मुर्शिदाबाद निवासी हारून शेख और बबूर अली की मौके पर ही जान चली गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

****

रांची के बुंडू के कुम्हार टोली में बीती रात एक किराना दुकान में भीषण आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि सात लाख के सामान और 55 हजार रुपये नकद जल गए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**********समाप्त*********